# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

**हरिद्वार–249404**

*Email :: soexamtwo2@gmail.com*

संख्या :: 10 / 03 / E-2/DR/LSS/2024-25 दिनांक :: 16 अप्रैल, 2025

## विज्ञप्ति

## उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल / अवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा–2024

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या– A-3/E-2/DR/LSS/2024-25, दिनाँक 13 दिसम्बर, 2024 द्वारा विज्ञापित **''उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल / अवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा–2024''** के अन्तर्गत **प्रारम्भिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार)** का आयोजन **दिनाँक 11 मई, 2025 (रविवार)** को एकल सत्र (प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक) उत्तराखण्ड राज्य के 13 जनपदों के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। उक्त परीक्षा हेतु औपबन्धिक रुप से अर्ह अभ्यर्थी अपना **प्रवेश–पत्र दिनाँक 25 अप्रैल, 2025** से आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in/ ukpsc.net.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को डाक द्वारा पृथक से प्रवेश–पत्र (Admit-Card) प्रेषित नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में अंकित महत्वपूर्ण निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

**2–** प्रश्नगत विज्ञापन के अनुक्रम में ऐसे दिव्यांगजन अभ्यर्थी जिनके द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन–पत्र में स्वयं श्रुतलेखक लाने का दावा किया गया है, ऐसे अभ्यर्थी श्रुतलेखक के सम्बन्ध में किये गये दावे के सापेक्ष 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता के लिए विज्ञापन के परिशिष्ट–4(1) एवं परिशिष्ट–4(2) तथा ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम है, के लिए परिशिष्ट–5(1) एवं परिशिष्ट–5(2) को पूर्णतः भरते हुए श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो के साथ परिशिष्ट 4(2) अथवा 5(2) में किए गए दावे के आधार पर श्रुतलेखक की शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी अंक–तालिका / प्रमाण–पत्र डाक द्वारा अथवा ई0–मेल soexamtwo2@gmail.com के माध्यम से आयोग कार्यालय में **दिनाँक 25 अप्रैल, 2025** तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। दिव्यांग अभ्यर्थी उक्त परिशिष्ट आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। **श्रुतलेखक की शैक्षिक योग्यता संबंधित परीक्षा हेतु निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक अर्हता से एक स्तर कम होनी चाहिए किन्तु किसी भी दशा में हाईस्कूल से न्यून नहीं होनी चाहिए।**

**3–** प्रश्नगत परीक्षा के सापेक्ष अपने ऑनलाइन आवेदन में **आयोग द्वारा श्रुतलेखक** (scribe) उपलब्ध कराए जाने का विकल्प चयनित करने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को विज्ञापन के परिशिष्ट 4(1) एवं 5(1) पर निर्गत प्रमाण–पत्र दिनांक **25 अप्रैल, 2025 (शुक्रवार)** तक आयोग कार्यालय में डाक अथवा ई–मेल **soexamtwo2@gmail.com** के माध्यम से **सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार, पिन–249404** को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा ऐसे अभ्यर्थियों को हरिद्वार में परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जायेगा। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी परीक्षा तिथि से 02 दिन पूर्व अर्थात दिनांक **09 मई, 2025** को लोक सेवा आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर श्रुतलेखक से मिल सकते हैं।

आयोग द्वारा निर्धारित तिथि 25 अप्रैल 2025 तक वांछित अभिलेख आयोग कार्यालय को उपलब्ध कराने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को ही आयोग द्वारा श्रुतलेखक अनुमन्य किया जाएगा। उक्त तिथि के पश्चात श्रुतलेखक उपलब्ध कराये जाने से सम्बन्धित किसी भी दिव्यांग अभ्यर्थी के प्रत्यावेदन पर तथा परीक्षा केन्द्र परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

SD/-

**(गिरधारी सिंह रावत)**

**सचिव।**

# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
## हरिद्वार।
*Email :: soexamtwo2@gmail.com*


संख्या :: 11 / 03 / E-2/DR/LSS/2024-25 दिनांक :: 16 अप्रैल, 2025

## विज्ञप्ति

**उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल / अवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा–2024**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या– A-3/E-2/DR/LSS/2024-25, दिनाँक 13 दिसम्बर, 2024 द्वारा विज्ञापित **''उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल / अवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा–2024''** के अन्तर्गत **प्रारम्भिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार)** का आयोजन **दिनाँक 11 मई, 2025 (रविवार)** को उत्तराखण्ड राज्य के 13 जनपदों के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। उक्त परीक्षा हेतु औपबन्धिक रुप से अर्ह अभ्यर्थी अपना **प्रवेश–पत्र दिनाँक 25 अप्रैल, 2025** से आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in/ ukpsc.net.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।

**2.** विज्ञापन के अनुक्रम में ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा अपने ऑनलाइन आवेदन–पत्र में स्वयं श्रुतलेखक लाने का दावा किया गया है, ऐसे अभ्यर्थी श्रुतलेखक के सम्बन्ध में किये गये दावे के सापेक्ष 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता के लिए विज्ञापन के परिशिष्ट–4(1) एवं परिशिष्ट–4(2) तथा ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम है, के लिए परिशिष्ट–5(1) एवं परिशिष्ट–5(2) को पूर्णतः भरते हुए श्रुतलेखक की दो आवक्ष फोटो के साथ परिशिष्ट 4(2) अथवा 5(2) में किए गए दावे के आधार पर श्रुतलेखक की शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी अंक–तालिका / प्रमाण–पत्र डाक द्वारा अथवा ई0–मेल soexamtwo2@gmail.com के माध्यम से आयोग कार्यालय में **दिनाँक 25 अप्रैल, 2025** तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। श्रुतलेखक के संबंध में आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर जारी विस्तृत विज्ञप्ति का अवलोकन करना सुनिश्चित करें।

SD/-

**(गिरधारी सिंह रावत)**
**सचिव।**